**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 21.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने युवाओं से किया संवाद, सामाजिक बदलाव में पुलिस के साथ सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक।**

**विवरण-** आज दिनांक 21.08.2026 को मेरा युवा भारत,बाँदा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में युवा मंडल गठन अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा क्लब प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी श्री सुशील करोलिया द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन माय भारत स्वयंसेवक दिव्यांश निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत राष्ट्रगीत वंदे मातरम गायन के साथ की गई। तत्पश्चात माय भारत से संबंधित प्रेजेंटेशन माय भारत स्वयंसेवक दिव्यांश निगम द्वारा दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज ने जिला भर से आए युवा मंडल एवं महिला मंडल के अध्यक्षों और सचिवों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने तथा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं बाल विवाह उन्मूलन एवं युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को साइबर सुरक्षा के संबंध में साइबर फ्रॉड से बचाव, OTP एवं UPI PIN साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, फर्जी कॉल एवं संदेशों से सावधान रहने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने की जानकारी देते हुए साइबर अपराध होने पर 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन एवं cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के तहत दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग, यातायात नियमों का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया तथा आपात स्थिति में 112 की जानकारी दी गई साथ ही जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए युवाओं से यातायात नियमों का स्वयं पालन करने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आमजन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही, युवाओं को शराब, तंबाकू, गुटखा एवं अन्य नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने तथा नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार एवं परामर्श के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी श्री सुशील करोलिया ने बताया युवा मंडल/महिला मंडल हमारे संगठन की नींव होती है हम सबको सिर्फ युवा मंडल बनाना ही नहीं है उसको एक्टिव भी रखना है, मासिक बैठक करते रहना है तथा अपने स्तर से भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करती रहनी है। कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें प्रथम स्थान जय सिंह, द्वितीय स्थान दिव्यांश निगम तथा तृतीय स्थान धीरू ने प्राप्त किया। यह जिला स्तरीय युवा मंडल सम्मलेन जिले में चलाए गए 2 युवा मंडल गठन अभियान के अंतर्गत गठित हुए युवा मंडलों के गठन उपरांत किया गया। इसमें सभी युवा मंडलों को संबद्धता प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक स्वतंत्रत साहू, सुभाष त्रिपाठी ,अंकित तिवारी, पियूष गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रोहित सिंह, हर्ष नामदेव, प्रियंका देवी, पूर्व स्वयंसेवक रवि अवस्थी पीटीएस बांदा अभय राज समेत जिले भर के तमाम युवा साथीगण उपस्थित रहे।